10/11/2024

आकाशवाणी ईटानगर

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि शोध और नवाचार क्षेत्र में निवेश वर्तमान और भविष्य के लिए निवेश है। उन्होंने कहा कि नवाचार और शोध सही अर्थों में अर्थव्यवस्था के चालक है। उप राष्ट्रपति ने यह टिप्पणी आज नई दिल्ली में महाराजा अग्रसेन टेक्निकल एजुकेशन सोसायटी के रजत जयंती समारोह के समापन कार्यक्रम में की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि व्यापार, कारोबार, वाणिज्य और उद्योग में लगे लोगों को व्यवस्था के दबाव में नहीं आना चाहिए। वे समृद्धि के सृजक, रोजगार प्रदाता, अर्थव्यवस्था के चालक और सामाजिक सद्भावना के योगदान कर्ता हैं तथा वे समाज में सम्मान के योग्य हैं।

000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विशेष अभियान के चौथे संस्करण की सराहना की। विशेष अभियान के फलस्वरूप सरकारी खजाने को वर्ष 2021 के बाद से कचरा बेचने से दो हजार 364 करोड़ रूपए के राजस्व समेत महत्वपूर्ण उपलब्धियों प्राप्त हुई है। श्री मोदी ने एक पोस्ट में कहा कि अभियान की सफलता दर्शाती है कि सामूहिक प्रयासों से ठोस परिणाम हासिल किए जा सकते हैं और स्वच्छता तथा आर्थिक लाभ को प्रोत्साहन दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुशल प्रबंधन और सक्रिय प्रयासों के अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट में आयोजित आदी यूथ फेस्ट के समापन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने इसके तहत आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच का

भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद तापिर गाव, विधायक निनोंग इरिंग, ओनि पानियांग, तापि दारांग, पुन्यो अपुम, जिला उपायुक्त तायि ताग्गु सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने युवाओं से केंद्र और राज्य सरकार की कौशल विकास और रोजगार से जुड़ी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी वर्गों के विकास और उनकी खुशहाली के लिए योजनाओं को पारदर्शिता के साथ लागू करने पर जोर दे रही है।

0000000000000000000000

ईस्ट कामेंग जिले के सेप्पा में अरुणाचल प्रेस क्लब की इकाई का उद्घाटन स्थानीय विधायक एलिंग ताल्लांग ने किया। इस अवसर पर अरुणाचल प्रेस क्लब के अध्यक्ष दोदुम यांग्फो, अरुणाचल प्रदेश यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नालिस्ट के अध्यक्ष अमर सांग्नो सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। श्री ताल्लांग ने मीडिया कर्मियों से गलत और भड़काने वाली खबरें प्रकाशित न करने का सुझाव दिया।

उन्होंने क्वालिटी रिपोर्टिंग पर जोर देते हुए प्रसारण से पहले समाचार की सच्चाई की जाँच पड़ताल करने की अपील की।

0000000000000000000000

ईटानगर में स्थित हुंडई शोरुम के गैराज में आज सुबह आग लगने से नुकसान की खबर है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार अग्निशमन दल ने दुर्घटना की खबर मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया, जिससे आसपास के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और आवासीय क्षेत्र में आग फैलने से रोकने में मदद मिली। हालांकि अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

00000000000000000000000000

केयि पान्योर जिले के गवर्नमेंट कॉलेज याचुलि में आयोजित तीन दिन का उद्यमिता जागरुकता कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हो गया। नॉर्थ ईस्ट काउंसिल के सहयोग से इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेंटर गुवाहाटी और गवर्नमेंट कॉलेज याचुलि के एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेंटर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यभर के एक सौ बीस प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें से तीस आवेदन को पांच दिन के एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए स्वीकार किया गया, जिसमें से दस चयनित प्रतिभागियों को सरकार की तरफ से उद्यमिता के लिए पांच लाख रुपए का अनुदान मिलेगा।

00000000000000000000

केंद्रीय बिजली मंत्री मंत्री मनोहर लाल ने आज नई दिल्ली में विद्युत वाहन रैली को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर उन्होंने **वाहन सेवा** कार्यक्रम का भी उद्घाटन किया। बिजली मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि विद्युत वाहन प्रदूषण कम करने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

उन्होंने कहा कि विद्युत वाहन सेवा कार्यक्रम एक नेक पहल है जिसकी दिल्ली में आवश्यकता थी।

0000000000000000000000000

केंद्रीय जनजातीय मामला मंत्रालय द्वारा ट्राईफेड के सहयोग से गुवाहाटी में पूर्वोत्तर आदि महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। पंद्रह नवंबर तक चलने वाले आठ दिन के नेशनल ट्राइबल फेस्टिवल का उद्देश्य देशभर की जनजातियों के उत्पादों, खानपान और उनकी कला एंव संस्कृति को प्रदर्शित करना है। पूर्वोत्तर आदि महोत्सव में देशभर के दो सौ से अधिक कलाकारों के एक सौ चार स्टॉल लगाये गए है, जिसमें से

चौरासी स्टॉल हस्तशिल्प उत्पाद, जनजातीय आभूषण, टैक्सटाइल्स और पेंटिंग पर आधारित है। पूर्वोत्तर राज्यों के जनजातीय कलाकारों ने कल्चरल हेरिटेज और कौशल को बढ़ावा देने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा उठाये जा रहे कदमों की सराहना की है।

000000000000000000

चौबीस नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के लिए लोगों से सुझाव आमंत्रित किए गए है। अपने सुझाव टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 पर डायल करके प्रधानमंत्री के लिए हिंदी या अंग्रेजी में अपना संदेश रिकॉर्ड कर सकते हैं। रिकॉर्ड किए गए कुछ संदेश प्रसारण का हिस्सा बन सकते हैं। आप 1922 पर मिस्ड कॉल भी दे सकते हैं तथा एसएमएस में प्राप्त लिंक का अनुसरण करके सीधे प्रधानमंत्री को अपने सुझाव दे सकते हैं।

000000000000000000

उन्नीस सौ बासठ के भारत-चीन युद्ध से संबंधित वालोंग वार की याद में चल रहे एक महीने के कार्यक्रम के तहत भारतीय सेना द्वारा आयोजित मोटर बाइक रैली आयोजित की जा रही है। दिबांग वैली जिले के मिपि से मेसाई, मायोदिया पास, मेहाओ वाइल्डलाईफ सेंक्चुरी होते हुए रोइंग पहुंची। यह अभियान सोमवार को ऐतिहासिक वालोंग युद्ध स्मारक पर समाप्त होगा। अरुणाचल प्रदेश में इस अभियान का उद्देश्य राज्य के सीमावर्ती इलाकों में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देना है। अभियान के माध्यम से सवार क्षेत्र के स्थानीय समुदायों से जुड़कर रीजनल और नेशनल इंटीग्रेशन को बढ़ावा देने के साथ ही उनमें देशभक्ति की भावना का संचार कर रहे हैं। यह अभियान वालोंग की लड़ाई के बासठ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सत्रह अक्टूबर को शुरू हुआ था।